भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1660
दिनांक 01.08.2018/10 श्रावण, 1940 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर में मारे गए आतंकवादी

1660. श्री हरिवंश:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर में कुल कितने आतंकवादी मारे गये;
(ख) इनमें से कितने पाकिस्तान मूल के थे और कितने जम्मू–कश्मीर के थे; और
(ग) अलग-अलग तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज गंगाराम अहीर)

(क) से (ग): विगत तीन वर्षों में जम्मू एवं कश्मीर में मारे गए आतंकवादियों की संख्या निम्नानुसार है:-

वर्ष	मारे गए आतंकवादियों की सं0	मारे गए स्थानीय आतंकवादी	मारे गए विदेशी आतंकवादी*
2015	108	38	70
2016	150	33	117
2017	213	86	127

* मारे गए लगभग सभी आतंकवादी पाकिस्तान/पाक अधिकृत जम्मू एवं कश्मीर मूल के थे।

*****